कार्य-पत्रक

कक्षा- ६ विषय- हिन्दी

पाठ- ३ नादान दोस्त

प्र-1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

वसंत ऋतु के आगमन का समय हेमंत ऋतु के बाद होता है।चैत्र और वैशाख ये दोंनो मास वसंत ऋतु के होते है।वसंत ऋतु में न तो गर्मी होती है,न ही सर्दी। मौसम बहुत सुहावना होता है।प्रकृति की सुंदरता अपनी चरम सीमा पर होती है। पेड-पौधे नए पत्तों और रंग-बिरंगे फूलों से सज जाते है। भीनी-भीनी खुशबु लिए हवा चलती हैं। रंग-बिरंगी तितलियाँ फूलों पर मडराती हुई दिखाई देती है।आम के वृक्षों पर बेर आ जाते है। कोयल का मधुर स्वर -बागो में गूंजने लगता है।प्रकृति मानो खिल उठती है।

१ वसंत ऋतु कब आती है?

२'गर्मी'और 'कटु'शब्द के विलोम शब्द ऊपर दिए गए अनुच्छेद से ढूँढ़कर लिखिए।

३'तितलियाँ', 'पौधे','रंग-बिरंगे'शब्दों का एकवचन रूप लिखिए।

४'मधुर'शब्द का समान अर्थ लिखोः

५ उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

प्र-2 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर संज्ञा को रेखांकित कीजिए।

1 बुढ़ापे में इन्सान बिलकुल बच्चा बन जाता है।

2 प्रियंका गाँधी और राहुल गाँधी बहन-भाई है।

3 खिड़की के शीशे टूटे है।

4 करेले में कड़वापन होता है।

5 सैनिक लड़ रहे है।

6 आज मैं बहुत खुश हुँ।

7 हिमालय पर्वतो का राजा है।

8 बच्चे बचपन में बहुत चंचल होते है।

9 आकाश में पक्षी उड़ रहे है।

10 मैदान में कुछ लड़के बात कर रहे है।

प्र-3 संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखिए।

स्कूल में हम जो खिचड़ी मनाते थे उसकी अलग ही मस्ती हुआ करती - थी। छुटटी का दिन,नाव में बैठकर गंगा नदी की सैर और फिर टापू पर-

बालू में दौड़ते हुए पतंग उड़ाना या उडाने की कोशिश करना। कितना मज़ा आता था। इधर हम पतंग उड़ाते थे और वहीं थोड़ी दूर गुरुजी, विमला, आनंद जी, झिलमिट भैया सब मिलकर ईट से बने चूल्हे पर बड़े-बड़े कहाड़ो में - खिचडी बनाते थे। हम भी बीच-बीच में अपनी पतंगो को सुस्ताने का मौका देते हुए मटर और प्याज छीलने बैठ जाते। वैसी खिचड़ी फिर दुबारा खाने को नहीं मिली। वाकई, ढ़ंग कैसा भी हो, पर है ये खुशियों का त्योहार।

1) व्यक्तिवाचक संज्ञा	2) जातिवाचक संज्ञा	3) भाववाचक संज्ञा
______________	______________	______________
______________	______________	______________
______________	______________	______________
______________	______________	______________

प्र-४ प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1- भाववाचक संज्ञा किसे कहते है?
2- समूहवाचक संज्ञा के तीन उदाहरण लिखिए।
3- व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते है? उदाहरण सहित समझाइए।
4- जातिवाचक संज्ञा के उदाहरण लिखिए।
5- द्रव्यवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?